E ail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 03/भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03/2025 4125 पटना, दिनांक : 21/07/2025

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 1953 दिनांक 20.12.2024 द्वारा श्री मो0 मोजम्मील (SCL12979), विशेष सर्वेक्षण लिपिक के विरुद्ध दिनांक 14.07.2024 से ही अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए दण्डात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 219 दिनांक 14.01.2025 द्वारा मो0 मोजम्मील से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है एवं इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की माँग की गयी है। तदोपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 370 दिनांक 07.05.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य में उल्लेख किया गया है कि मो0 मोजम्मील द्वारा दिनांक 11.07.2024 से प्रारम्भ प्रशिक्षण में मात्र तीन दिनों तक ही प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है एवं दिनांक 14.07.2024 से अनाधिकृत अनुपस्थित हैं। साथ ही श्री मो0 मोजम्मील द्वारा अवकाश संबंधी कोई आवेदन नहीं दिया गया है तथा स्पष्टीकरण पूछे जाने पर स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिया गया है, जो उच्चाधिकारी के आदेश का उल्लंघन है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री मो0 मोजम्मील (SCL12979), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

18/7

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03/2025 4125 **पटना, दिनांक** : 21/07/2025

प्रतिलिपि : श्री मो0 मोजम्मील (SCL12979), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Kavita -Y-2025\Mohit Ji\Order\03-2025-17-07-2025.doc

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03 / 2025 4125 पटना, दिनांक : 21/07/2025

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03 / 2025 4125 पटना, दिनांक : 21/07/2025

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

18/7

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप